जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

25 मई 2023

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

पर्यटन एवं आतिथ्य प्रबंधन विभाग, जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने 22 मई, 2023 को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया, जिसमें पर्यटन एवं आतिथ्य के क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने प्रयासों का प्रदर्शन किया।

विभाग की अध्यक्ष प्रो. सारा हुसैन ने पर्यटन एवं आतिथ्य उद्योग में पर्यावरण संरक्षण और सस्टेनेबल प्रैक्टिस के महत्व पर अपने बहुमूल्य विचार साझा किए। प्रो. निमित चौधरी ने पर्यावरण की रक्षा और जिम्मेदार पर्यटन के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. नुसरत यास्मीन (छात्र सलाहकार), डॉ. अब्दुल कादिर, डॉ. विजय कुमार देव और अन्य संकाय सदस्यों ने कार्यक्रम की सफलता के लिए अपना अमूल्य मार्गदर्शन और समर्थन प्रदान किया।

समारोह की शुरुआत एक शपथ ग्रहण समारोह से हुई, जहां संकाय सदस्यों और छात्रों ने पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण का संकल्प लिया। रचनात्मक अभिव्यक्ति और आलोचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करने के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण, स्थायी पर्यटन, और हरित भविष्य को बढ़ावा देने में आतिथ्य उद्योग की भूमिका पर अपने दृष्टिकोण साझा करने के लिए आमंत्रित किया गया था।

वृक्षारोपण अभियान भी कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण आकर्षण रहा, जिसमें अध्यक्ष, प्रोफेसर सारा हुसैन एवं अन्य संकाय सदस्य और छात्र विविध प्रकार के पौधे लगाने में सक्रिय रूप से लगे रहे। इस प्रयास ने न केवल परिसर को सुशोभित किया बल्कि स्थानीय इकोसिस्टम की बहाली, जैव विविधता को बढ़ावा देने और परिसर के भीतर एक सुखद वातावरण बनाने में भी योगदान दिया।

समारोह के दौरान, विभाग ने जिम्मेदार पर्यटन और आतिथ्य प्रबंधन के महत्व पर जोर दिया। संकाय सदस्यों ने इंटरैक्टिव सत्रों का आयोजन किया, प्रतिभागियों को सस्टेनेबल प्रैक्टिस और पर्यावरण पर उनके प्रभाव पर विचारोत्तेजक चर्चाओं में शामिल किया। विचारों के इस सहयोगी आदान-प्रदान ने लर्निंग अनुभव को समृद्ध किया और एक अधिक सस्टेनेबल फ्युचर बनाने में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका को स्पष्ट किया।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया